ग्रिड ने अपना वार्षिक अनुसंधान दिवस मनाया

राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान (ग्रिड) के द्वारा अपने दिवंगत निदेशक डॉ बीएस चवन की स्मृति में शुक्रवार को तृतीय वार्षिक अनुसंधान दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंजाब विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ जगत भूषण थे। डॉ भूषण ने वर्तमान समय में विशेष शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान का महत्त्व एवं इसकी जरूरत पर प्रकाश डाला। साथ ही, इस दिशा में ग्रिड के प्रोफेशनलों के द्वारा की जाने वाली प्रयासों की सराहना की।

गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल, सेक्टर 32 के डायरेक्टर प्रिंसिपल सह संस्थान के निदेशक डॉ जसविंदर कौर ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और शोध प्रस्तुत करने के लिए यहां के कर्मियों को बधाई दी।

संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण ने डॉ चवन के इनोवेटिव सोच एवं संस्थान के उत्थान में उनके द्वारा दी जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका की चर्चा की।

सेंट जॉन्स मेडिकल कॉलेज, बंगलौर के प्रोफेसर अशोक एमबी आमंत्रित अतिथि थे, जिन्होंने ऑटिज्म अनुसंधान में विकास विषय पर व्याख्यान दिया। परिणीता जिंदल, अक्षिता जैन और कृष्णा ने इस अवसर पर शोध प्रस्तुतियां दी। ग्रिड कॉलेज के पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ रवि केएम ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस कार्यक्रम में संस्थान के विशेष विद्यालय की कार्यवाहक प्रचार्या वंदना सिंह, क्लीनिक इंचार्ज डॉ रीना जैन, सहायक प्राध्यापक डॉ करुप्पास्वामी, प्रशासनिक अधिकारी जसपाल शर्मा एवं स्कूल, क्लीनिक और कॉलेज के सभी कर्मी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंजाब विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर जगत भूषण (बीच में), आमंत्रित अतिथि सेंट जॉन्स मेडिकल कॉलेज, बैंगलोर के प्रोफ़ेसर अशोक एमबी (दाएं), जीएमसीएच 32 के डायरेक्टर प्रिंसिपल सह संस्थान के निदेशक डॉ जसविंदर कौर, संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ प्रीति अरुण, पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ रवि

केएम, रिसर्च असिस्टेंट सह कार्यवाहक प्राचार्या श्रीमती वंदना सिंह, प्रशासनिक अधिकारी श्री जसपाल शर्मा और संस्थान के कर्मी।

योग चिकित्सक सुश्री परिणीता जिंदल शोध पेपर प्रस्तुत करते हुए।